**खबर संक्षेप**

### जनसम्पर्क आयुक्त श्री पोरवाल ने पदभार ग्रहण किया

**सतना।** सचिव जनसम्पर्क विवेक पोरवाल ने गुरुवार को जनसम्पर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जनसम्पर्क संचालनालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक ली। जनसम्पर्क आयुक्त श्री पोरवाल ने जनसम्पर्क की कार्यप्रणाली की वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग के विभिन्न प्रभागों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने म.प्र. माध्यम में भी प्रबंध संचालक (एम.डी.) का पदभार ग्रहण किया।

### इंजीनियर और ठेकेदार के मिलीभगत से नवीन स्वास्थ्य केंद्रों पर ताला

**मैहर।** मैहर जिले में ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग के द्वार गांवों में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन बनाए गए हैं मगर विभागीय लापरवाही के कारण उनमें आज भी ताला लटका हुआ है और इसी तरह वह धीरे धीरे खण्डहर में तब्दील होते जा रहे हैं। बताया जा रहा कई गांवों में स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए हैं लेकिन आज चार साल हो गए आज तक वो विभाग के हवाले नही किए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब जनता के लिए स्वास्थ्य केन्द्र बनाए गए तो विभाग के अधिकारी इनकों क्यों नहीं खुलवा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भवन बनाने वाले ठेकेदार और स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर की उदासीनता और मिलीभगत के चलते आज भी इनमें ताला लगा हुआ है अगर खुल गए होते तो इन चार वर्षो में सैकड़ों बीमार और लाचार लोगों का इलाज गांवों में बने इन स्वास्थ्य केंद्रों में हो चुका होता और उन्हें यहां वहां न भटकना पड़ता।

## सड़क की पटरियों पर ठेले लगाने वालों को चेतावनी, आधा सैकड़ा ऑटो जब्त

# यातायात को पटरी पर लाने की फिर से शुरू हुई कवायद










सतना। ट्राफिक पुलिस एवं नगर निगम प्रशासन की टीम ने फिर से संयुक्त रूप से शहर से विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सड़क पर गोमती-ठेले रखकर व्यवसाय करने वालों को कार्यवाही की चेतावनी दी। यातायात थाना प्रभारी संतोष तिवारी,नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी आरपी सिंह परमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने कोलगवां थाना से यह कार्यवाही प्रारंभ की।

यातायात पुलिस द्वारा इस दौरान शहर की सड़कों पर बिना कागजात दौड़ रहे आटो चालकों के खिलाफ जब्ती की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है।यातायात पुलिस ने गुरुवार शाम तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आटो चालकों के रजिस्ट्रेशन,इंश्योरेंस,लाइसेन्स,परमिट,टैक्स सहित सभी कागजातों की जांच की। जिन वाहनों के साथ ये कागजात नहीं थे ऐसे 50 आटो जब्त करके ट्राफिक पुलिस ने यातायात थाना में खड़े करवा दिये। कागजात प्रस्तुत करने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुये इनको छोड़ा जायेगा। संयुक्त टीम द्वारा सड़कों पर हाथठेलों को आड़े-तिरछे खड़े करके चाट-फुल्की, आलूबंडा,समोसा,पान-चाय,बीड़ी-सिगरेट आदि सामान बेचने वालों को ठेले हटाने की समझाइश देने के साथ जब्ती एवं जुर्माना की कार्यवाही की चेतावनी दी गयी।

### इन इलाकों में टीम ने किया भ्रमण

यातायात पुलिस एवं दस्ता द्वारा आज अवैध गोमती-ठेले वालों एवं सड़क पर बैठकर दुकानदारी करने वाले अन्य फुटपाथी दुकानदारों को सर्किट हाउस से प्रारंभ होकर बस स्टैण्ड तक,बस स्टैण्ड से कृष्णनगर होते हुये अस्पताल चौराहा,रेलवे स्टेशन रोड होकर जयस्तंभ चौक,सिटी कोतवाली चौक,प्रेमनगर चौराहा एवं धवारी चौराहा तक उक्त चेतावनी दी गयी।

### पूर्व में भी बनाया गया था हॉकर्स जोन

वर्षों पूर्व तत्कालीन नगर निगमायुक्त द्वारा फुटपाथी दुकानदारों को व्यवस्थित करने मोटर लाइन के पास एवं कुछ अन्य स्थानों पर हॉकर्स जोन बनवाया गया था। इन स्थानों पर दुकानदारों के नहीं बैठने की स्थिति में अन्य लोगों ने इस पर कब्जा करके अपना काम-धंधा शुरू कर दिया,जो कि आज भी जारी है। हॉकर्स जोन में बनाये गये शेड एवं अन्य सामग्रियां भी कबाड़ चोरों ने गायब कर दी।

### हॉकर्स जोन बनाया जायेगा

इसके साथ ही नगर निगमायुक्त अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में अतिक्रमण दस्ता एवं ननि की निर्माण शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सड़कों पर अवैध रूप से गोमती-ठेले रखकर जीवन यापन करने हेतु व्यवसाय करने वाले फुटपाथी दुकानदारों को अन्यत्र व्यवस्थित करने हेतु मंथन किया गया। नगर निगमायुक्त श्री गहलोत ने सड़क पर अवैध रूप से धंधा करने वाले छोटे दुकानदारों को व्यवस्थित करने हॉकर्स जोन बनाने का निर्णय चर्चा के उपरांत किया। बैठक में नगर निगम दस्ता प्रभारी आरपी सिंह परमार एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### इनका कहना है-

चेतावनी दी गयी है किन्तु इसके बाद सड़क पर जब तक अवैध रूप से गोमती-ठेला लगाकर दुकानदारी करते रहेंगे,तब तक नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता इनको हटाने एवं गोमती-ठेला को जब्त करने की कार्यवाही करता रहेगा।

**-आरपी सिंह परमार,प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी**

### इनका कहना है-

बिना लाइसेन्स,बिना परमिट,बगैर टैक्स अदा किये चलाये जाने वाले आटो सहित सभी वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। बगैर परमिट,बिना लाइसेंस वाहनों के राजसात किये जाने की कार्यवाही भी की जा सकती है।

**-संतोष तिवारी,यातायात थाना प्रभारी**

## प्रिज्म ने 214 ट्रक ड्राइवरों एवं उनके सहायकों का किया नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामजिक उत्तरदायित्वों के अंतर्गत दिनॉंक 19.12.2023 एवं 20.12.2023 को दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन समरिटन हास्पिटल एवं सोशल सर्विस सोसायटी सतना के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक के सामने पीपीएस यार्ड में किया गया। जिसमें 214 ट्रक ड्राइवरों एवं उनके सहायकों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण,110 मरीजों का ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाईयॉं प्रदान की गई। शिविर में नेत्र जॉंच कर आवश्यकतानुसार 60 मरीजों को नि:शुल्क चश्में प्रदान किये गये। उपरोक्त जानकारी देते हुये प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस विशेष चिकित्सा शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लवकुश सिंह समाजसेवी बम्हौरी,प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एच.आर.एम. एंड कार्पोरेट अफेयर्स) मनीष सिन्हा,वीपी मेडिकल सर्विसेस डॉ.डी.डी.मिश्रा,वीपी पर्सनल एंड




आई.आर.गोपाल शर्मा,जीएम लाजिस्टिक के.सी.श्रीवास्तव, ज्वाइंट जी.एम.पर्सनल एंड आई.आर.अंतरयामी सामल, ग्राम पंचायत बठिया सरपंच प्रतिनिधि अरूण सिंह बघेल व सोशल सर्विस सोसायटी सतना के प्रोग्राम आफीसर मनु जोशफ एवं पीआरओ पंकज उर्मलिया के द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लवकुश सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि ड्राइवर की उत्पादक प्लांटों की ग्रोथ में अहम भूमिका होती है। क्योंकि यही वह कड़ी बनते हैं जो निर्मित माल को गंतव्य स्थान तक लाने एवं ले जाने का कार्य करते है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एच.आर.एम. एंड कार्पोरेट अफेयर्स) मनीष सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि ड्राइवरों को ऑख परीक्षण समय-समय पर कराते रहना चाहिये जिससे संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। जब स्वस्थ्य रहेंगे तभी कोई कार्य ढंग से कर पायेंगे। इसी बात को ध्यान में रखते हुये प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपनी जिम्मेदारी को समझते हुये इस चिकित्सा शिविर का आयोजन किया है। इसलिये इनकी सेहत का स्वस्थ होना बहुत ही आवश्यक है। इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में कंपनी की ओर से बृजेन्द्र दुबे,परमजीत सिंह,प्रकाश पाण्डेय,संजय सिंह परिहार एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की टीम में विजय मिश्रा,संदीप तिवारी,समरिटन सोशल सर्विस सोसायटी सतना से बीओएमएस उत्तम त्रिपाठी,रामकिशन वर्मा एवं क्षेत्रीय समन्यवक मोतीलाल रजक ने अपनी सेवायें प्रदान कीं।

## बैठक लेकर समस्याओं का किया निराकरण

**मैहर।** मैहर जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट भवन में पंचायत और नगरीय निकाय के रिक्त पदों के चुनाव को लेकर अधिकारियो की बैठक ली गई जिसमें ईवीएम और बैलेट पेपर से संबंधित प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर एसडीएम सुरेश जाधव,एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिह,तहसीलदार जीतेन्द्र पटेल, मैहर नगर पालिका,रामनगर सीएमओ लालजी ताम्रकार उपस्थित रहे। मैहर में धान खरीदी केन्द्रों से लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए एसडीएम सुरेश जाधव ने धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया जहां पर जाधव ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र मैहर में तौली जा रही धान का उचित तौल 40 किलो 700 से 800 ग्राम पाया गया वहां पर किसी भी प्रकार की अनियमित्ता नही देखी गई धान में नमी का पैमाना भी नापा गया जो 9 से 10 प्रतिशत पाया गया जो कि एक दम सही था। लगातार शोसल मीडिया में खबर प्राप्त हो रही थी कि किसानों से धान तौलाई के लिए पैसे वसूले जा रहे हैं जिस पर किसानों ने बताया कि यहां किसी प्रकार से पैसे कि मांग नही कि जा रही है। मैहर जिले के बरहिया ग्राम पंचायत में जनसुनवाई की गई जिसमे मुख्यरूप से एसडीएम सुरेश जाधव उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए बताया गया कि बरहिया ग्राम में नई खदान खोली जा रही है जिसको लेकर ग्रामीणो के साथ अधिकारियो की बैठक कि गई जहां पर खदानों के खुलने से आस पास के लोगों को किसी प्रकार कि कोई आपत्ति तो नही है तो सभी कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी सहमती दर्ज कराई।

# मैहर में शिक्षा के गिरते शिक्षा स्तर को सुधारने कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश





### कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड एवं जिला शिक्षा अधिकारी नीरज दीक्षित की उपस्थिति में मैहर विवेकानन्द महाविद्यालय में हाई सेकेन्ड्री स्कूल और हाई स्कूल के प्राचार्यो की बैठक ली गई। आयोजित बैठक का मुख्य उददेश्य शैक्षणिक सत्र 2023- 24 की गतिविधियों की समीक्षा की साथ आगामी समय में होने वाले परीक्षा परिणामों को लेकर शासकीय स्कूल के प्राचार्यो की तैयारी के बारे में जानकारी ली गई। कलेक्टर ने बीते 2022-23 के परीक्षा परिणामों को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए बैठक में




उपस्थित प्राचार्यो की क्लास लगा डाली जिसमें सबसे खराब परिणाम देने वाले स्कूल के प्राचार्यो से कारण पूछा गया । मैहर जिले में से कुछ ग्रामीण इलाके के कुछ ऐसे विद्यालय भी है जहां उत्तीर्ण छात्रों की संख्या सबसे कम है जिसमें ज्यादातर छात्रों ने स्कूल आना ही छोड़ दिया है। अनुत्तीर्ण छात्र विद्यालय से लापता हो गये है जिस पर नाराजगी दर्ज कराते हुए कलेक्टर ने प्राचार्यो से कहा अनुत्तीर्ण छात्र छात्राएं कहां गए क्या विभाग द्वारा उन बच्चों के अभिभावकों से संपर्क करने का प्रयास नही किया गया। जिन बच्चों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है ऐसे छात्रों कि सूची बनाकर आवेदन न जमा करने का कारण पता करें और स्कूल में स्वंय आनलाईन फार्म भरवायें। स्कूलों से अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क करे और स्कूल में बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें ताकि स्कूल के प्रति उनका ध्यान आकर्षित हो सके। इन सब के परिणाम अगली बैठक में प्रस्तुत करने के आदेश दिये साथ हीअनुपस्थित रहने वाले प्राचार्य के खिलाफ नोटिस जारी करने के आदेश दिये गये।

**मैहर।** कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने मैहर जिले के सभी हायर सेकेण्ड्री एवं हाई स्कूल के प्राचार्यों की बैठक लेकर शैक्षणिक सत्र 2023-24 की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं में परिणाम और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय के कक्ष मैहर में आयोजित इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी नीरज दीक्षित भी उपस्थित रहे। मैहर नगर एवं आस पास के गांवों में खुली शासकीय विद्यालयों में पदस्थ प्रिंसिपल एवं शिक्षकों की मनमानी के कारण कई वर्षो से मैहर जिले का शिक्षा स्तर गिरता जा रहा है जिस पर छात्रों के अभिभावकों के द्वारा शिकायतें किए जाने के बाद कोई सुधार नहीं किया गया जिसके चलते अभिभावकों में काफी रोष व्याप्त रहा है।आज स्थिति यह है कि जब बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट खुलता है तो मैहर का परसेंट काफी गिरा हुआ रहता है।

### शिक्षकों की लापरवाही

मैहर नगर एवं ग्रामीण अंचलों में खुली शासकीय विद्यालयों में पदस्थ प्रिसिंपल और शिक्षक न तो कभी समय पर स्कूल जाते हैं और गए भी तो स्कूल के बाहर बैठकर दुनियादारी के बातें करते रहते हैं और क्लास में बैठे छात्र शिक्षकों के आने का इंतजार ही करते रहते हैं और समय के पहले ही विद्यालय से निकल लेते हैं और छात्र भी अपने-अपने घर चल देते हैं। इस मनमानी के कारण छात्रों की पढ़ाई का कोर्स भी पूरा नही पढ़ाया जाता है तो परीक्षा के समय क्या लिखकर आएंगे। छात्रों के अभिभावकों के द्वारा यह भी आरोप लगाए जाते रहे हैं कि गांवों में खुले विद्यालयों में पदस्थ प्रिसिंपल एवं शिक्षक स्थानीय होने के कारण कभी कभार स्कूल जाकर महीने भर की हाजिरी भरकर पूरे माह का वेतन उठाकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते रहे हैं।

### विद्यालय भवनों की कमी

मैहर विधानसभा अंतर्गत अधिकांश विद्यालयों में क्लास के अनुसार कमरे न होने के कारण एक क्लास में कई क्लासों के छात्रों को बैठा दिया जाता है जिससे छात्रों को भी पढ़ाई करने में असुविधा होती है। कई विद्यालय तो इतने जर्जर हो चुके है कि उनके अंदर बैठकर पढ़ना छात्रों को अपने जीवन के साथ खिलवाड़ करना है। इन विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों का अगर किसी का स्थानांतरण हो जाता है तो वह अपनी राजनीति पकड़ के कारण स्थानांतरण रुकवा लेता है और अपनी मनमानी करता रहता है। विद्यालयों के भवन बरसात के समय चूते हैं जिससे अंदर बैठकर पढ़ना मुश्किल हो जाता है।

### विद्यालय छोड़ने वाले छात्रों की नही ली जाती सुध

विद्यालयों में पांचवी,आठवीं एवं दसवीं के छात्रों के द्वारा विद्यालय न आने पर वहां पर पदस्थ शिक्षकों के द्वारा इसकी जानकारी नहीं ली जाती है छात्र क्यों नहीं आ रहा है और छात्रों का रिजल्ट गिरा हुआ तो कभी यह जानकारी नही ली जाती है कि छात्र इतने अधिक फेल कैसे हो गए वह किसी शिक्षक के द्वारा नहीं किया जाता है उन्हें तो महीने के मोटे वेतन से मतलब रहता है छात्र पढ़ें या भाड़ में जाएं। ग्रामीणों के द्वारा यह भी आरोप लगाए जाते रहे है विद्यालय में पदस्थ शिक्षक अपने स्थान पर किसी और गांव के लोगों को 5 से 6 हजार देकर छात्रो को पढ़वाते रहते हैं और आप खुद शहर में अपने परिवार के साथ रहकर अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने में लगे हुए हैं। गांवों में पदस्थ अधिकांश शिक्षक अप डाउन करते हैं जो विद्यालय को कितना समय दे पाते हैं यह कहने की बात नहीं है।

### कलेक्टर के फरमान से शायद स्थिति सुधरे

मैहर जिले में पढ़ाई का स्तर गिरने की खबर से मैहर की कलेक्टर के द्वारा आज सभी विद्यालयों के प्रिसिंपल और शिक्षकों को जो हिदायत दी गई है और अगर कारगर साबित हो गई तो निश्चय ही मैहर जिले के छात्रों का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है।

## खबर संक्षेप



### सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया का 113 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**सिमरिया।** पन्ना जिले की सिमरिया तहसील में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की ब्रांच मैनेजर पूर्व जनरल मैनेजर श्री द्विवेदी जी ने बताया कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की लगभग 4000 ब्रांच है सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा ब्रांच संचालित की जा रही है जिससे ग्रामीण लोगों को फायदा मिल सके उन्होंने बताया कि यह किसानों का बैंक है यह लोगों का बैंक है साथ में उन्होंने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के स्थापक सोराब जी पोचखनावाला के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। पूर्व जीएम ने बताया पोचखनावाला ईमानदार आदमी थे आज भी उनके योगदान को कोई नहीं भूल सकता है साथ में उन्होंने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की बहुत सारी उपलब्धियां भी गिनवाई सेंट्रल बैंक के ब्रांच मैनेजर एवं समस्त स्टाफ स्थापना दिवस के मौके पर मौजूद रहा।

### सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक 26 दिसम्बर को

**पन्ना।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार, 26 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति-जनजाति की जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज का भ्रमण कार्यक्रम


**पन्ना।** जिले में शुक्रवार, 22 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा विभिन्न विकासखंडों के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पहाड़ीखेरा, बरहौंकुदकपुर और लुहरहाई में यात्रा का भ्रमण होगा। इसी तरह विकसित भारत संकल्प यात्रा अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बहिरवारा एवं शहपुरा, गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जिजगांव एवं गड़ोखर, पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कुंवरपुर एवं अतरहाई तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मनकी एवं सटवा में पहुंचेगी।

### राजनैतिक दलों के अध्यक्ष की बैठक आज

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत मतदान केन्द्र भवन परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव भेजने के संबंध में राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों की बैठक शुक्रवार, 22 दिसम्बर को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित वर्मा ने बताया कि मतदान केन्द्रों के नाम में संशोधन संबंधी, वर्तमान में स्थापित मतदान केन्द्र के स्थान पर ही अन्य सुविधाजनक भवन में मतदान केन्द्र की स्थापना तथा दो बस्तियों के मध्य में स्थापित भवन में मतदान केन्द्र की स्थापना के संबंध में बैठक उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बैठक में राजनैतिक दलों के अध्यक्ष और प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# फर्जी रजिस्ट्री का नामांतरण रोकने तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन





**समरिया।** मामला सिमरिया तहसील का अंतर्गत का है जहां फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर नामांतरण करने का मामला प्रकाश में आया है जानकारी लगते ही सिमरिया क्षेत्र के किसानों द्वारा तहसीलदार सिमरिया को ज्ञापन सोपा गया की प्रतिपाल सिंह पिता ओम प्रकाश सिंह जादौन सिंह ग्राम पोस्ट खुरा तहसील मेहगांव जिला भिंड मध्य प्रदेश द्वारा कन्हैया लाल पिता छोटेलाल जाति दुबे निवासी हीरापुर तहसील सिमरिया जिला पन्ना द्वारा अपनी जमीन को कभी नहीं बेची न ही इनको जानते हैं क्रेता द्वारा फर्जी वोटर आईडी बनवाकर संतोष कुमार शुक्ला स्टांप पेपर वेंडर पन्ना से स्टांप खरीदे गए पता लगाने पर जानकारी प्राप्त हुई की स्टांप में वेंडर के हस्ताक्षर सही है लेकिन उप पंजीयक पवई से जानकारी प्राप्त हुई की रजिस्ट्री क्रमांक 21/01/2010 में इस नाम के क्रेता एवं विक्रेता का कोई रिकॉर्ड पंजी में दर्ज नहीं होना पाया गया जिसकी लिखित जानकारी उप पंजीयक पवई द्वारा दी गई है दिनांक 14 /12/ 2023 को क्रेता द्वारा रामकुमार गर्ग तहसील कार्यालय सिमरिया में उक्त रजिस्ट्री का नामांतरण करने के लिए आवेदन लगाए जाने की गोपनीयता से हम लोगों को जानकारी प्राप्त हुई जिससे मुझे फर्जी रजिस्ट्री की जानकारी प्राप्त हुई जबकि इनका बंटवारा 2017 में हो चुका है उन्होंने उन्होंने तहसीलदार सिमरिया से मामले की जांच कार्यवाही करने की मांग की अन्य किसानों द्वारा भी इसी प्रकार के आवेदन तहसीलदार सिमरिया को सौंप गए प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमरिया से लगे हुए हीरापुर सिमरिया बोदा चिखला के किसानों की जमीन की भी इसी रजिस्ट्री इसी तरह कराई गई है।

### इनका कहना है-

14 दिसंबर 2023 को जब मैं अपने व्यक्तिगत काम से तहसील कार्यालय पहुंचा तो मुझे वहां पर दमोह से नामांतरण की फाइल लिये गर्ग जी मिले जो सिमरिया चिखला हीरापुर मुराछ कोठी ऐसे चार पांच गांव 10 रजिस्ट्री लिए हुए थे जो की नामांतरण करने आए थे जिसमें मेरे चाचा कंछेदी अग्रवाल की भी रजिस्ट्री थी मैंने पता किया तो उन्होंने अपनी जमीन कभी नहीं बेंची उनकी सात बेटियां हैं जिसमें उस जमीन का बंटवारा हो चुका है इस कारण मैंने भी फर्जी रजिस्ट्री के खिलाफ आवेदन दिया है।

**अनिल अग्रवाल, किसान**



आज मुझे छह आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें रजिस्टर विक्रय पत्र फोटो कॉपी के साथ आपत्ति आई है जो की सिमरिया हीरापुर से संबंधित है जिसकी में जांच कर रहा हूं जो भी तथ्य सामने आएंगे गुण दोष के आधार पर उसपर कार्यवाही की जाएगी फिलहाल मेरे द्वारा नामांतरण रोक दिया गया है।

**चंद्रमणि सोनी, सिमरिया तहसीलदार**

# जिले की मतदाता सूची में दर्ज कराएं नाम

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तारतम्य में शासकीय सेवकों से स्वयं एवं परिवार के सदस्यों के नाम पन्ना जिले की मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए कहा गया है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश सभी कार्यालय प्रमुखों को दिए गए हैं। साथ ही अधीनस्थ लोकसेवकों से अपना नाम निवासरत व पदस्थापना स्थल की मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है। कार्यालय प्रमुख द्वारा भी अधीनस्थ शासकीय सेवकों का गत 6 माह से वर्तमान तक कार्यरत सभी लोकसेवकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विगत विधानसभा निर्वाचन के दौरान यह पाया गया कि अनेकों शासकीय कर्मचारियों की जहां पदस्थापना है, वहां उनके द्वारा अपना नाम निवास के मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में शामिल नहीं कराया गया है, जिससे अनेक शासकीय सेवकों द्वारा मतदान के लिए डाक मतपत्र की मांग की गई थी। डाक मतपत्र से बड़ी संख्या में शासकीय सेवकों ने मतदान किया था। इसके बावजूद मतदान से वंचित रहने की शिकायत भी मिली थी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर जारी किए गए फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने सहित 6 से 22 जनवरी तक प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ द्वारा उपस्थित रहकर दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा।

**सीईओ जिला पंचायत की कार्यप्रणाली से समूचे जिले में कार्य एजेन्सियों तक बड़ा संदेश कार्यवाही को लेकर तय हुआ जिनसे हुई वसूली बना उदाहरण**

# जिस कार्य के लिए जो राशि स्वीकृति, पूरा करना होगा कार्य, नहीं चलेगी लापरवाही वरना वसूली

**पन्ना।** सीईओ जिला पंचायत संघप्रिय की कार्यप्रणाली स्वमेव जानी जाती है। आपके कार्यकाल में जहां शासकीय राशि जिस कार्य के लिए स्वीकृत की गई उसका सद्उपयोग कार्य एजेन्सी को करना ही होगा वरना जिम्मेदारों के द्वारा अगर की गई लापरवाही तो फिर वासूली की कार्यवाही भी होगी तय।विकास कार्यों के लिए बड़े सपने होते है। जब भी किसी कार्य के लिए कोई राशि स्वीकृत होती है तो निर्माण कार्यों को लेकर सड़क हो या भवन पंचायत स्तर तक इसके प्रमुख जरूरत मानी जाती है। ग्राम सभा के प्रस्ताव के बाद कार्यों को तकनीकि मापदण्ड के बाद प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की जाती है। वहीं कार्य एजेन्सी जो तय होती है वह संबंधित निर्माण कार्यों को लेकर किस तरह से जवाबदेही सुनिश्चित करती है। यह एक बड़ा सवाल होता है। जिले में सीईओ जिला पंचायत संघप्रिय ने निर्माण कार्यों की जहां से जो शिकायतें आई यानि की संबंधित कार्यों की राशि निकल गई या लापरवाही की गई निर्माण कार्य नहीं कराये गये ऐसे जिम्मेदारों को पेशी करवाते हुए धारा 92 के तहत कार्यवाही को अंजाम दिया गया। वहीं बाखूबी सुना गया तथ्य जाने गये इसके बाद जिम्मेदारों से संबंधित निर्माण कार्य में जो राशि को लेकर गवन के हालात तय किये गये थे या लारवाही की गई इन पर वसूली की कार्यवाही तय की गई।



जिसके तहत विगत कुछ माहों में ही जहां 4 से 5 लाख रूपये की राशि जमा कराई गई वहीं आपके कार्यकाल की बात करें तो इस दिशा में जिम्मेदारों को स्वतः ही अब इस बात का भान हो चुका है कि जिस कार्य के लिए जो राशि स्वीकृत की गई है वह कार्य कराना ही होगा वरना वसूली की कार्यवाही भी तय होगी। साथ ही जिला पंचायत सीईओ के द्वारा जिस तत्परता से शासन की राशि जो लापरवाही के कारण जिम्मेदारों ने वारे न्यारे किये थे इनसे यह राशि शासन के खाते में जमा कराने का जो कार्य किया गया है यह सराहनीय पहल मानी जा रही है। जब जिले के विकास के मुखिया यानि की जिला पंचायत सीईओ जोकि विकास कार्यों पर सीधे नजर रख रहे है। अब जिले के विकास में इस कार्यप्रणाली से गति को लेकर भी जाना जायेगा। गौरतल बात तो यह है कि पंचायत चुनाव के पूर्व जब जो सरपंच कार्यकाल तय कर रहे थे उनके समय में अधिकत्तर मामले लापरवाही के सामने आये। फिर भी उन्हें बक्सा नहीं गया। यह तभी संभव होता है जब अधिकारी की सजगता निर्माण कार्यों में स्वीकृति राशि को लेकर विकास कार्यों की समीक्षा व अधूरे कार्यों की वजह के हालात जाने गये ।तो सामने दास्ता आती है जिस पर कार्यवाही की दिशा भी जो तय की गई उससे समूचे जिले में एक संदेश जरूर कायम हुआ। अब शासन की राशि का दुरूपयोग निर्माण कार्यों में किया जाना सहज नहीं होगा। कार्य एजेन्सी को संबंधित निर्माण कार्य के लिए जो राशि स्वीकृति की जाती है उस कार्य को पूर्ण कराना ही होगा। वरना होगी वसूली की कार्यवाही इतना ही नहीं कार्य एजेन्सियों के जिम्मेदारों की बाखूबी तलब करते हुए पेशी के रूप में सुनवाई की जाती है। वहीं कार्यवाही की अगली दिशा जो जिम्मेदार है उससे वसूली की राशि संबंधित खाते में शासन की जमा कराई जाती है। जिससे निश्चित ही शासन की राशि जिस कार्य के लिए स्वीकृत की जाती है उस कार्य को कराने के लिए अब समूचे जिले में पैगाम तय हो चुका है। यह कार्यप्रणाली सीईओ जिला पंचायत की कार्यवाही का परिणाम माना जा रहा है। जिससे जिले में जिस कार्य के लिए जो राशि स्वीकृति हो गई वह निर्माण कार्य सड़क हो या बिल्डिंग विकास के रूप में स्वयं ही साबित होगा।

# केन्द्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन



**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, पन्ना में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर संघ प्रिय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के शिवाजी, टैगोर, अशोका और रमन सदन के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि का स्काउट कलर पार्टी एवं विद्यालय के प्राचार्य व वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। प्रभारी कलेक्टर ने विद्यालय के चारों सदनों के परेड की सलामी ली तथा मशाल जलाकर खेल दिवस का शुभारंभ किया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा योग कार्यक्रम एवं लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि ने सीनियर 100 मीटर दौड़ के लिए हरी झंडी दिखाई और प्रतिभागियों को मेडल




पहनाया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा 200 मीटर दौड, 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस, गोला फेंक प्रतियोगिता तथा प्राथमिक बच्चों द्वारा लेमन रेस, हॉपिंग रेस, शू लेस रेस, 50 मीटर तथा 100 मीटर रेस का आयोजन किया गया। शिक्षिकाओं तथा छात्राओं द्वारा रस्सा-कस्सी खेल का, शिक्षक एवं छात्रों द्वारा वॉलीबॉल खेल का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को संदेश दिया कि खेल से हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है और स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। इसलिए अपने शरीर को फिट रखने के लिए खेल अनिवार्य रूप से खेलना चाहिए तथा इस प्रकार की अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में सभी विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जो हमारे सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया द्वारा सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया एवं खेल भाईचारे को बढ़ाता है, इस बात की सीख भी दी गई। विद्याचरण चौरसिया द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षक दिनेश यादव तथा कार्यक्रम से जुड़े अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# विधिक साक्षरता शिविर लगाया साक्षरता क्लब का भी गठन

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा गुरूवार को मझगवां माइंस एनएमडीसी पन्ना स्थित डीएव्ही पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नियमित रूप से कानूनी जागरूकता के उद्देश्य से विधिक साक्षरता क्लब भी गठित किया गया। जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव राजेन्द्र कुमार पाटीदार ने शिविर में आम नागरिकों के जीवन में प्रतिदिन कानून के ज्ञान की आवश्यकता को दर्शाते हुए भारत के संविधान में उल्लेखित नागरिकों के मौलिक अधिकार, मौलिक कर्त्तव्य, नीति निर्देशक तत्वों, शासन के तीन प्रमुख अंगो क्रमशः विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका संबंधी प्रावधानों तथा तीनों अंगो द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।



साथ ही कोई भी अपराध होने पर तत्काल कानूनी कार्यवाही के लिए थाने पर जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने तथा शासन के संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों की मदद किस प्रकार प्राप्त की जा सके, उनके द्वारा सुनवाई न किए जाने की स्थिति में प्राधिकरण की सहायता से न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर न्याय प्राप्त करने संबंधी संपूर्ण प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी। नाबालिग बालकों के साथ होने वाले लैंगिक अपराधों के संबंध में बनाए गए कठोर कानून, पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को दिए जाने वाले कठोर दण्ड और अपराध पीड़ति को पीड़ति प्रतिकर योजना के तहत पुनर्वास व उपचार आदि के लिए कार्यालय द्वारा प्रतिकर राशि प्रदान करने संबंधी जानकारी भी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के महत्वपूर्ण प्रावधान, नालसा-सालसा की योजनाएं और निःशुल्क विधिक सहायता के लिए पात्रता तथा विधिक साक्षरता क्लब के कार्य इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। शिविर का संचालन और आभार प्रदर्शन प्राचार्य पी.सी. सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं और सभी शिक्षकगण एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्री 1200 पारायण महोत्सव की तैयारिया शुरू

**पन्ना।** श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट बोर्ड द्वारा श्री मुखवाणी 1200 साप्ताहिक पारायण का आयोजन 24 से 30 दिसम्बर 2023 तक बडे ही हर्षोल्लास व भव्यता के साथ आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां भी जोरो से चल रही है। पूर्णब्रहा अक्षरातीत अनंत श्री विभूषित महामति श्री प्राणनाथ जी के श्रीमुख से आविर्भूत ब्रह्रवाणी की संपूर्ण पारायण वाचन का ऐसा अनमोल शुभ अवसर प्राप्त करना इस भाग दौड भरे जीवन में बहुत ही दुर्लभ हैं। कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 24.12.2023 को प्रातः9 बजे पारायण शुभारंभ होगी। दिनांक 25.12.23 से 29 .12.23 तक प्रातः8 बजे से पारायण प्रारंभ होगी । रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक मंचीय कार्यक्रम होंगे। दिनांक 30.12.23 प्रातः9 बजे से पारायण पूर्णाहुति कार्यक्रम होग। दोपहर 12 बजे से भोजन प्रसाद(लंगर ) आदि। दोपहर 3 बजे निकलेगी कलश यात्रा- दिनांक 23.12.2023 को श्री प्राणनाथ जी मंदिर के मुख्य द्वारा कमायनी दरवाजे से कलश यात्रा दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक निकाली जायेगी जो नगर मुख्य मार्गो से होते हुये श्री प्राणनाथ चौक, अजयगड चौराहा, बडा बजार चोराहा, किशोर जी मंदिर होते हुये वापिस श्री प्राणनाथ जी मंदिर में संपन्न होगी ।



### राष्ट्रीय युवा उत्सव 12 से 16 जनवरी तक

पन्ना। भारत सरकार द्वारा 12 से 16 जनवरी के मध्य पुणे महाराष्ट्र में राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला और संभाग स्तर पर यह उत्सव वर्चुअल आयोजित होगा और संभाग स्तर पर चयनित दल राज्य स्तर पर भौतिक रूप से अपनी प्रस्तुति देगा। जिला संभाग और राज्य स्तर पर 8 विधाएं लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण और फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्चुअल आयोजन में प्रतिभागी अपने प्रदर्शन का निर्धारित समय सीमा का वीडियो 26 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। जिला कार्यालय द्वारा 27 दिसम्बर को चयन समिति के निर्णय अनुसार जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों की सूची और वीडियो संभागीय कार्यालय को 28 दिसम्बर तक उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागियों से निर्धारित समय सीमा में अपनी प्रस्तुति का वीडियो भेजने की अपील की गई है, जिससे जिला स्तरीय आयोजन में शामिल किया जा सके।

### कारण बताओ नोटिस जारी

**पन्ना।** प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संघ प्रिय ने गत विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत पवई विधानसभा के मतदान केन्द्र शासकीय कन्या हाईस्कूल मोहन्द्रा के कक्ष क्रमांक 02 के मतदान दल में ड्यूटीरत मतदान दल के कर्मचारियों को मतदान के दौरान पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 में निहित प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर लोकसेवकों को नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है। कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर मतदान दल के चारों कर्मचारियों की तीन वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही की जाएगी। मतदान दल में शामिल पीठासीन अधिकारी एवं शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदी के उच्च माध्यमिक शिक्षक राजाभईया अहिरवार, मतदान अधिकारी क्रमांक 01 एवं शासकीय उ.मा. विद्यालय द्वारी के प्राथमिक शिक्षक राजेश तिवारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय शाहनगर की प्राथमिक शिक्षक वर्षा कुशवाहा और मतदान अधिकारी क्रमांक 03 एवं शासकीय हाईस्कूल हथकुरी की प्राथमिक शिक्षक विमला चौरसिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### साढ़े 6 करोड़ की बियर पर चला आबकारी विभाग का बुल्डोजर

**नौगांव।** आबकारी विभाग ने साढ़े करोड़ रूपए की बियर को नष्ट किया है। आबकारी विभाग ने बुल्डोजर चलाकर बियर की बोतलों को चकनाचूर किया है। जानकारी के मुताबिक नौगांव में स्थित कॉक्स डिस्टलरी की एक्सपायर हो चुकी बियर की 37166 पेटियों पर आबकारी विभाग ने बुल्डोजर चलवाया है। बताया जा रहा है कि उक्त बियर वर्ष 2011-12 के स्टॉक की होने की वजह से नष्ट किया गया है। आबकारी अधिकारी बीआर वैद्य ने बताया कि उक्त बियर की कीमत 6 करोड़ 60 लाख रूपए है जिसे अधिकारियों के समक्ष नष्ट करवाया गया है।

### शराब तस्करी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**छतरपुर।** किशनगढ़ पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान बराना नदी के पुल के पास से होण्डा सिटी कार से 75 हजार कीमत की 135 लीटर शराब जब्त की है। इस मामले में पन्ना जिले के सुनवानी थाना अंतर्गत ग्राम धौर्रा के दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर बिजावर रोड में बराना नदी के पुल के पास पहुंचकर वाहन चैकिंग शुरू की। उसी दौरान रात करीब डेढ़ बजे होण्डा सिटी कार क्रमांक एचआर 29 पी 8569 से 15 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत 75 हजार रूपए आंकी गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई राघव प्रसाद पाण्डेय, गंगाराम प्रजापति, आरक्षक दयाराम, खूबचन्द्र, श्यामसुंदर पाठक शामिल रहे।

### सामाजिक संस्था ने गौ अस्पताल में गौवंश को खिलाया चारा

**छतरपुर।** सामाजिक संस्था खुशी सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन के सदस्यों ने हनुमान टौरिया स्थित गौ अस्पताल पहुंचकर न केवल यहां मौजूद गौवंश को चारा खिलाया बल्कि कुछ राशि भी दान की। फाउण्डेशन की अध्यक्ष खुशबू दुबे ने बताया कि उनकी ओर से गौवंश की छोटी सी सेवा की गई है। गौरक्षा के लिए सबको सहयोग देना चाहिए। उन्होंने गौ अस्पताल चलाकर गायों की सेवा करने वाले रविराज सिंह की सराहना की। क्योंकि गौरक्षा ही धर्मरक्षा और राष्ट्र रक्षा है। इस अवसर पर शिखा अग्रवाल, ऋचा राजपूत, वर्षा चौरसिया के अलावा गौ अस्पताल के संचालक रविराज सिंह, सुरेश रैकवार, मयंक नामदेव आदि उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बनाए गए आधार कार्ड

**छतरपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के आठ विकासखण्डों में पहुंच रही है और योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंच रही है। इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम दादूताल, कैथेहा, सड़वा, धनगुवां, मिड़का, बम्हौरी, कुशमाढ़, गड़ीसेमरा, जखरौनकला, नारायणपुरा, ढिलापुर, रामपुर, बिला, हकीमपुरा, दिलनियां एवं ढिगपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। जहां ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों में लगी एलईडी स्क्रीन द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। ग्राम ढिलापुरा में यात्रा के दौरान आधार पंजीयन केन्द्र के माध्यम से आधार कार्ड बनाए गए। इस अवसर योजनाओं का लाभ देने विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपने अनुभव साझा किये गये।

**आज 16 ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा**

विकसित भारत संकल्प यात्रा छतरपुर जिले के सभी आठ विकासखण्डों में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से एक ओर जहां योजनाओं और विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी जन जन तक पहुंच रही है वहीं लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## घटिया सामग्री से हो रहा

# कृषि उपज मंडी के टीनशेड के चबूतरे एवं सीसी का निर्माण

### सीमेंट में रेत की जगह मुरम एवं डस्ट मिलाकर हो रहा गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अथक प्रयासों के बाद मिली कृषि उपज मंडी निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार का केंद्र साबित हो रही है। मंडी परिसर में 3 करोड़ की लागत से गुणवत्ताहीन सामग्री से निर्माण कार्य चल रहा है। मंडी में चल रहे कार्य के तहत वर्तमान में टीन शेड लगाने के लिए चबूतरा एवं खाली पड़े स्थान पर सीसी का निर्माण किया जा रहा है।





**नौगांव।**

साइट इंचार्ज बेस में लग रहे मटेरियल को सही बता रहे है । जबकि निर्माण में लगने वाले मसाले में सीमेंट के साथ रेत को जगह मुरम एवं डस्ट मिलाकर मिक्चर तैयार कर गुणवत्ताहीन भ्रष्टाचारयुक्त निर्माण कर राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है। मामले में सागर कमिश्नर ने संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर को कार्रवाई करने निर्देशित किया है। नवीन कृषि उपज मंडी में निर्माण के नाम पर लगभग तीन करोड़ से ज्यादा की राशि को ठिकाने लगाने का खेल चल रहा है। कैसे आम जनता से टैक्स के रूप में मिली आम जनता की कमाई की राशि को ठिकाने लगाया जाता है। इसका जीता जागता उदाहरण है पड़ोसी टीकमगढ़ जिले के जतारा की हरिओम कंस्ट्रक्शन कंपनी। इस कंपनी ने इससे पहले नवीन कृषि उपज मंडी का निर्माण कराया था जो इतना घटिया था कि बिना उपयोग किये ही मंडी के इमारते खराब हो चुकी है, कार्यालय के भवन से पानी रिशता है, जगह जगह दीवारे सीमेंट छोड़ चुकी हैं, साथ ही मंडी को पूर्णतः प्रारंभ हुए बिना ही मंडी का सीसी पहुंच मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। शासन ने जनवरी 2013 में नौगांव को नवीन कृषि उपज मंडी की सौगात दी थी। मगर मंडी बनते बनते दस वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं लेकिन निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार करने वालो का खेल आज तक जारी है। मंडी में व्यापारियों की मांग के विपरीत दुकानों, गोदामो की जगह टीन शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि पहले से ही चार चबूतरे टीन शेड सहित बने हुए हैं। लेकिन 3 करोड़ की राशि के ठिकाने लगाने के चलते चीफ इंजीनियर, प्रवन्धक, ठेकेदार की तिकड़ी ने ऐसा कार्य पास किया, जिसमें पचास प्रतिशत कमीशन हासिल हो व्यापारियों, किसानों से कोई वास्ता नही रखा। हरिभूमि टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो अर्थवर्क के बाद मंडी में अब सीसी का कार्य चल रहा है। मंडी में चल रहे निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत स्थानीय नागरिक के साथ साथ किसान कर रहे हैं। निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा कार्यस्थल न पर एस्टीमेट एवं डीपीआर सहित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी का बोर्ड न लगाकर कार्य को निपटाया जा रहा है। निर्माण में लग रही रेत में सिल्ट कंटेंट 5% चलता है, लेकिन यहां जो रेत लगाई जा रही है। इसमें 70% से अधिक सिल्ट कंटेंट की मात्रा देखी जा रही है, वही गिट्टी, सीमेंट का मिलान भी सही अनुपात नहीं किया जा रहा है। तो वहीं मिट्टी मिक्स रेत एवं स्टोन डस्ट मिलाकर सीसी निर्माण कार्य चल रहा है।निर्माण कार्य के दौरान साइट पर ठेकेदार का कोई भी अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी मौके पर नहीं मिला। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने ठेकेदार को घटिया किस्म के मटेरियल का उपयोग करने की मौन सहमति दे दी हो। जिसके चलते ठेकेदार के द्वारा निर्माण के दौरान कार्य में घटिया किस्म की मुरम मिट्टी युक्त रेत, स्टोन डस्ट सहित गिट्टी, सीमेंट का सही अनुपात में न मिलाकर अपनी मनमर्जी करते हुए धड़ल्ले से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते ठेकेदार बेखौफ होकर घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन टीन शेड का चबूतरा एवं सीसी का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में निर्माण कार्य के क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। लोगों ने यह भी बताया कि निर्माण स्थल पर एस्टीमेट एवं डीपीआर का निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाकर सार्वजनिक किया जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदार ने बोर्ड नहीं लगाया है।

### सीमेंट में रेत की जगह मुरम मिट्टी एवं स्टोन डस्ट मिलाकर हो रहा घटिया निर्माण

निर्माण कर रही हरिओम कंस्ट्रक्शन कम्पनी और मंडी बोर्ड के एसडीओ हरिशंकर मिश्रा और उनके सहायक शासन एवं प्रशासन की आंखों मे धूल झोंककर घटिया निर्माण कराने में लगे हुए है। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य में एक ट्राली रेत भी नही लगाई गई है। मंडी प्रांगण के बगल से मुरम उत्खनन कर ही धोकर अथवा सीधे ही मुरम में डस्ट मिलाकर निर्माण किया जा रहा है।

### इनका कहना है

मंडी बोर्ड के अधिकारियों और जिला कलेक्टर से बोलकर मामले को दिखवाते हैं, यदि गुणवत्ताहीन मटेरियल से निर्माण पाया जाता है, तो कार्यवाई की जाएगी।

**वीरेंद्र सिंह रावत कमिश्नर, सागर**

## ईशानगर बीएमओ साहू के सुविधा शुल्क के चलते वर्षों से फल फूल रहे थे झोला छाप

**छतरपुर।**

वर्ष 2008 से ईशानगर स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बीएमओ डॉक्टर गिरीश साहू मुख्यालय पर नही रहते, बल्कि छतरपुर में सागर रोड पर इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में रहते है, बीएमओ द्वारा अस्पताल में अधिकतर फर्जी बिल लगाकर भुगतान कराते है। सुविधा शुल्क के चलते 8 वी फेल झोलाछाप डॉक्टर सालो से गरीब जनता की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे थे।



क्षेत्र के कई लोगों की जान इन झोलाछाप डॉक्टरो ने ले डाली। बीएमओ के द्वारा कोई उचित कार्यवाही नही की गई, बल्कि अपनी मंथली सुविधा शुल्क लेकर खुला संरक्षण रहा। बीएमओ अधिकतर स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यालय में नही मिलते हैं, और ना ही कभी गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते है। गांव के अधिकतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ताला लगा रहता है, जो भी वहां का प्रभारी डॉक्टर होता है। वह हफ्ता पंद्रह दिन में जाता है, और अपने साइन करके लौट आता है। क्योंकि बीएमओ द्वारा महीना सुविधा शुल्क का फिक्स है। तभी बी एमओ द्वारा अधिकतर डॉक्टरों की हजिरी प्रतिवेदन पूरे माह का मुख्यालय भेजा जाता है।

ईशानगर स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत हर गांव गली मोहल्ले में कोई ना कोई झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकान खोलकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी जिले के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और क्षेत्र के बीएमओ को नहीं हो। दरअसल स्वास्थ्य विभाग और नियमों के संरक्षण में ही यह पूरा खेल खेला जा रहा है। ईशानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर गिरीश साहू वर्ष 2008 से यहां पदस्थ है। ज्यादातर अपने कार्यक्षेत्र में नहीं रहते है। जिस कारण स्वास्थ्य केंद्र में भी अव्यस्थाएं रहती हैं। इस कारण यहां आने वाले मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता है। मजबूरन ईलाज कराने आने वाले मरीज झोलाछाप डॉक्टरों के यहां ईलाज कराने चले जाते है।

## नपा द्वारा आयोजित 68 वें महाराजा छत्रसाल क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें दिन हुए पांच मैच

**नौगांव।**



शहर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में मेला महोत्सव के तहत खेले जा रहे 68 वें महाराजा छत्रसाल लोकल मेला क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को पहला मुकाबला न्यू गोल्डन बी और नौगांव इंडिया के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू गोल्डन बी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यु गोल्डन बी ने निर्धारित छः ओवरों में 05 विकेट खोकर 47 रन बनाते हुए जीत के लिए 48 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नौगांव इंडिया ने 04 विकेट खोकर बढ़े ही आसानी से लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और मैच को 06 विकेट से जीत लिया। दिन का दूसरा मैच गायत्री इलेवन और श्रीराम इंस्टीट्यूट के मध्य खेला गया। जिसमें श्रीराम इंस्टीट्यूट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीराम इंस्टीट्यूट ने निर्धारित छः ओवरों में 01 विकेट खोकर 58 रन बनाए और जीत के लिए 59 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गायत्री इलेवन 03 विकेट खोकर मात्र 43 रन ही बना सकी और श्रीराम इंस्टीट्यूट ने इस मैच को 15 रनों से जीत लिया। दिन का तीसरा मुकाबला अलंकार इलेवन और कबीर सिंह के मध्य हुआ। जिसमें अलंकार इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित छः ओवरों में 01 विकेट खोकर शानदार 76 रन बनाए और कबीर सिंह को जीत के लिए 77 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कबीर सिंह 06 विकेट खोकर मात्र 45 रन ही बना सकी और अलंकार इलेवन ने इस मैच को 31 रनों से बढ़ी जीत हासिल की। आगे जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अभिषेक टीनू पटेरिया ने बताया कि चौथा और मैच कबीर सिंह जूनियर और गौरव तिवारी फैंस क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें कबीर सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कबीर सिंह ने निर्धारित छः ओवरों में 06 विकेट खोकर 46 रन बनाए और गौरव तिवारी फैंस क्लब ने जीत के लिए 47 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गौरव तिवारी फैंस क्लब ने 05 विकेट खोकर लक्ष्य को बराबरी पर लाकर मैच को टाई करा दिया। टाई मैच का निर्णय करने लिए सुपर ओवर हुआ। सुपर ओवर जैसे ही प्रारंभ हुआ तो निर्धारित 01 ओवर के इस मैच में गौरव तिवारी फैंस क्लब ने 01 विकेट खोकर 11 रन बनाए और जीत के लिए 12 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कबीर सिंह जूनियर के दोनों खिलाड़ी रन आउट हो गए और इस तरह से रोमांचक मैच को गौरव तिवारी फैंस क्लब ने आसानी से जीत लिया।

दिन का पांचवां और अंतिम मैच डॉ के एन मैमोरियल जूनियर और दौलत तिवारी फैंस क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें डॉ केएन मैमोरियल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी डॉ के एन मैमोरियल ने निर्धारित छः ओवरों में 03 विकेट खोकर शानदार 77 रन बनाए और जीत के लिए 78 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दौलत तिवारी फैंस क्लब 01 विकेट खोकर 65 रन ही बना सकी और डॉ के एन मैमोरियल ने इस मैच को 12 रनों से जीत लिया। पहले मैचों में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर इसराज कुरैशी और लेग अंपायर में संजीव साहू रहे। दूसरे मैच में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर विनीत रावत और लेग अंपायर में मयंक साहू रहे। तीसरे मैच में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर हर्षित भदौरिया और लेग अंपायर में अंकित पाटकर निभाई। चौथे मैच में निर्णायक भूमिका में अंपायर संदीप साहू और लेग अंपायर की भूमिका में सोनू साहू ने निभाई। इसी तरह पांचवे और आखिरी मुकाबले में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर विनीत रावत और लेग अंपायर में सोनू साहू ने निभाई। स्कोरिंग यतेंद्र सिंह सेंगर आयुष सक्सेना रहे। कमेंट्रेटर में राजपाल सिंह राजपूत, मनोज कुशवाहा, और अरशद इकबाल रहे। क्रीड़ा सभापति ताहिर मंसूरी ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि आज शुक्रवार को जो मैच खेले जाने हैं। उनमें पहला मैच बाबा ग्राम इलेवन और राईसिंग स्टार के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच एंजिल स्पोर्ट्स और योगिता स्पोर्ट्स के मध्य, तीसरा मैच शानू जिम और एनियल प्लेईंग के मध्य चौथा मैच शिद्धी विनायक और डॉ एस के फैंस क्लब के मध्य और आखिरी मैच न्यु टाइगर और ए एस टाईगर जूनियर के मध्य खेला जाएगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

## हास्य व्यंग्य कविताओं पर देर रात तक ठहाके लगाते रहे दर्शक

**सिंगरौली**








विंध्याचल परियोजना के मानव संसाधन.राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के अंतर्गत परियोजना में साहित्यिक वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समय समय पर साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में दिनांक 20ण12ण2023 को परियोजना के उमंग भवन सभागार मे अखिल भारतीय कवि.सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित कवि.सम्मेलन में उपस्थित कवियों द्वारा हास्य व्यंग्य एवं वीर रस तथा आधुनिक राजनीति के विभिन्न विषयों पर तीखे व्यंग्य.बाण चलाकर उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख विंध्याचलद श्री ई सत्य फणि कुमारए अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सरोजा फणि कुमार मौजूद रही। साथ ही इस अवसर पर महाप्रबंधक; मानव संसाधन प्रबीर कुमार बिस्वास अन्य महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्ष अनुभागाध्यक्ष कमांडेंट सीआईएसएफ श्री पंकज बलियान सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण यूनियन सोसिएशन के पदाधिकारीगण सभी स्कूलों के प्राचार्यगण मीडिया प्रतिनिधिगण सभी कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहें। इस कवि.सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे प्रतिष्ठित कवि एवं कवियित्रियों. श्री अरुण जैमिनी श्री सरदार प्रताप फौजदारए सुश्री कविता तिवारीए श्रीमती मुमताज़ नसीम एवं श्री सुदीप भोला ने अपनी रोचक हास्य कविताओं एवं सुमधुर श्रृंगारिक रचनाओं से उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया । कार्यक्रम के प्रारम्भ में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर एनटीपीसी गीत के साथ कवि.सम्मेलन का विधिवत आरंभ किया गया । इस अवसर पर अपने स्वागत उद्बोधन में परियोजना प्रमुख विंध्याचल श्री ईसत्य फणि कुमार ने कार्यक्रम में पधारे अतिथिगण एवं कविगणों को विश्व कविता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुये कहा कि सभी कवियों की रचनाएँ काफी सराहनीय हैं एवं इसे आगे बरकरार रखने हेतु नई पीढियों के रचनाकारों को भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात उन्होने अपने उद्बोधन में राजभाषा अनुभाग द्वारा किए गए इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए सभी कवियों के काव्य.पाठ को सराहा तथा आगे भी इस तरह का आयोजन किए जाने हेतु बल दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा श्रीफल एवं शाल से सम्मानित भी किया गया। साथ ही राजभाषा नोडल अधिकारियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया गया। कवि.सम्मेलन का संचालन जबलपुर से पधारे कवि श्री सुदीप भोला ने किया । कवि.सम्मेलन का आरंभ कवियत्री सुश्री कविता तिवारी ने सरस्वती वंदना के साथ किया । तत्पश्चात अलीगढ़ से पधारी कवियत्रि श्रीमती मुमताज़ नसीम ने अपनी शायराना अंदाज एवं श्रंगारिक गीतों से सभी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दर्शकों द्वारा उनकी श्रृंगारिक रचनाओं पर करतल ध्वनि के साथ खूब सराहा। कवि श्री सुदीप भोला ने वर्तमान परिदृश्य के विभिन्न पहलुओं को व्यंग्य के माध्यम से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत कियाए जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। कवि सम्मेलन के अगले पड़ाव में हरियाणा से पधारे सुप्रसिद्ध कवि श्री अरुण जैमिनी ने अपने हास्य रचनाओं से सभी दर्शकों को भाव.विभोर कर दिया । बीच.बीच मे कवियत्री एवं सुदीप भोला के मध्य हुई साहित्यिक नोकझोंक ने वातावरण को और भी श्रंगारिक एवं मनोरंजक बना दिया । दर्शकों ने दोनों के मध्य हुई साहित्यिक नोक.झोंक का भरपूर आनंद लिया एवं दोनों को करतल ध्वनि के साथ सराहा । तत्पश्चात वीर.रस की मशहूर कवियत्री सुश्री कविता तिवारी के माइक संभालते ही खचाखक दर्शकों से भरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा । सुश्री कविता ने अपनी प्रस्तुति से लोगों में देशभक्ति एवं स्वाभिमान का भाव पैदा कर दिया। कवि.सम्मेलन के अंतिम सोपान पर जैसे ही मुंबई से पधारे लाफ्टर चैलेंज के सरदार प्रताप फौजदार ने माइक पकड़ा लोगों की करतल ध्वनि सभागार में गूंज उठी । प्रताप फौजदार ने अपने हास्य.व्यंग्य की कविताओं से आधुनिक परिवेश के विभिन्न पहलुओं पर व्यंगात्मक टिप्पणी एवं चुटकुलों के माध्यम से लोगों को गुदगुदाया और उनको ठहाके लगाने को मजबूर कर दिया । इस कवि सम्मेलन में उपस्थित दर्शकों ने भरपूर मनोरंजन किया और अपने सीटों पर लगातार बंधे रहे । कवि.सम्मेलन के समापन के अवसर पर वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन श्रीमती कामना शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों एवं उपस्थित कवि एवं कवयित्रियों के साथ.साथ उपस्थित श्रोताओं के प्रति कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया । इससे पूर्व कार्यक्रम का संचालन कार्यपालक नैगम सम्प्रेषण एवं प्रभारी राजभाषा सुश्री शिक्षा गुप्ता ने किया ।

## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल मऊगंज की व्यवस्था की खुली पोल



**मऊगंज** । कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा सिविल अस्पताल मऊगंज का निरीक्षण किया गया, आये दिन मऊगंज अस्पताल की बदहाल व्यवस्था की किरकिरी हो रही थी, कलेक्टर अजय श्रीवास्तव अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक गैर हाजिर रहे, और अस्पताल की व्यवस्था में कई खामियां सामने आई हैं बिजली गोल होने से पूरा अस्पताल अंधकार में डूबा रहा।सूत्रों की माने तो कलेक्टर के आने की भनक पहले ही चिकित्सकों को मिल गई थी जिससे स्टाफ को अवगत करा दिया गयाथा,जल्दबाजी में व्यवस्था मे सुधार भी किया गया, नहीं तो व्यवस्था मे और भी कई खामियां सामने आती। विचारणीय विषय यह है कि कलेक्टर का औचक निरीक्षण के पहले ही ऐसे कौन लोग है, जिनके द्वारा सम्बन्धित विभाग के अधिकारी,कर्मचारी को जानकरी मिल जाती है, जिससे कुछ सुधार कर लिया जाता है।

### ओल्ड इज गोल्ड "यादों का कारवां" स्टार अवॉर्ड का आयोजन 25 को



**रीवा।** शिव क्रिएशन इवेंट के तत्वावधान में स्टार अवार्ड ओल्ड इज गोल्ड "यादों का कारवां" का आयोजन दिनांक 25 दिसंबर 2023 को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है! जिसमें सन 1970 से 1990 दशक के गीतों की मंच से प्रस्तुति होगी! उक्त कार्यक्रम की जानकारी देने प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय के आश्रम में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया! जिसको प्रमुख रूप से राजयोगिनी बी. के. निर्मला दीदी, कार्यक्रम के आयोजक शिव कुशवाहा, कार्यक्रम की सहयोगी सीमा श्रीवास्तव, युवा समाजसेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव, युवा गायक नीलेश श्रीवास्तव, समाजसेवी अवनीश शर्मा, संगीतकार डॉ प्रवीर दुबे, सुनील साहू, मनीष साहू, डॉ विनोद तिवारी, हिमांशु श्रीवास्तव एवं संजय राजपूत ने संबोधित किया! पत्रकार वार्ता में आगे बताया कि नृत्य एवं गीत के चयन के लिए पहले ऑडीशन तीन चरणों में आयोजित किये गए! पहला चरण 16 वर्ष तक स्टार जूनियर अवार्ड, दूसरा चरण 17 से 30 वर्ष तक स्टार सीनियर अवार्ड एवं तीसरा चरण 31 से 60 वर्ष वर्ष तक स्टार सुपर सीनियर अवार्ड के रूप में विभक्त किया गया!

### तीन स्कूल बसों का कटा चालान

**रीवा** । परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों का सघन जाँच अभियान निरंतर जारी है जाँच अभियान में परिवहन उड़नदस्ते के द्वारा आर टी ओ रीवा के निर्देशन में जे के पब्लिक स्कूल गूढ़ में जाकर विद्यालय के वाहनों को चेक किया। विद्यालय में तीन वाहन खड़े पाये गये तीनों वाहनों के दस्तावेज सही पाये गये। बसों की उड़नदस्ता स्टाफ़ ने उनका भौतिक रूप से भी परीक्षण किया जिसमें बसों के फिटनेस से संबंधित जाँच की। उनके फ़र्स्टेड बॉक्स अग्निशमन यंत्र स्पीड गवर्नर आदि मुख्यतःचेक किए गए। इसके अलावा जाँच के दौरान आज दो ट्रक बिना परमिट पाये गये दोनों वाहन के मौक़े पर परमिट से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं पेट गये। जिन्हें जप्त कर परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया। आज की चलानी कार्यवाही से परिवहन विभाग को 34500 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

### सांसदो के निलंबन के विरोध पर कांग्रेस देगी धरना

**रीवा** । जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा व शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव आदरणीय के.सी. वेणुगोपाल (सांसद) के आदेश के अनुसार 142 सांसदों के निलंबन के विरोध में आज 22 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन धरना स्थल पर आयोजित होना है।

## करोड़ों का आसामी बनकर सेवा निवृति की कगार पर खड़ा पीडब्लूडी का बाबू

# चीटीं की चाल चल रही ईओडब्लू की जांच

लोक निर्माण विभाग में एक से बढ़कर एक मठाधीश विराजमान है जो विकास के नाम पर अपना विकास कर रहे है। आश्चर्य की बात तो यह है कि सीमित वेतन पाने वाले लोक निर्माण विभाग में कार्यरत अदाने से बाबू भी करोड़ो रूपये का आसामी बन कर तैयार हो जाता है।





रीवा

ऐसे ही एक पीआईयू में पदस्थ लिपिक छितेश्वरनाथ पांडेय की कहानी है निकल कर सामने आई है, जिनके रग-रग भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे है। यहां तक की इनकी शिकायत आर्थिक अपराध अन्वेषण (ईओडब्लू) भोपाल में की गई। बताया तो यह भी जाता है कि ईओडब्लू द्वारा जांच भी की जा रही है, जांच कहां हो रही है और कहां तक पहुंची यह शोध का विषय है। लेकिन यह तय है कि लोक निर्माण विभाग के पीआईयू शाखा का अदना से बाबू छितेश्वरनाथ पांडेय लगभग 35 साल की नौकरी में अवैध रूप से अकूत संपत्ति अर्जित कर 31 दिसबंर को पीडब्लूडी विभाग से तौबा कर रहे है।

### भ्रष्टाचार बाबू पुस्तैनी संपत्ति को दिखा रहे है शासन के आगे

भ्रष्टाचार के आरोपो से घिरे बाबू छितेश्वरनाथ पांडेय के बारे में बताया जा रहा है कि उनकी संपत्ति के बारे में जानकारी मांगे जाने पर वह अपनी पुस्तैनी संपत्ति बता रहे है। जबकि ईओडब्लू में शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता ने बताया कि छितेश्वरनाथ पांडेय 1988 में पीडब्लूडी में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत हुआ जिसका वेतन लगभग 450 रूपये था जो बढ़ते हुए 45 हजार रूपये तक पहुंचा। इस अल्प वेतन में उसके दोनो लड़के मंहगे विद्यालयो से लेकर कालेज तक की पढ़ाई की। इस दौरान छितेश्वरनाथ ने द्वारिका नगर में दो करोड़ रूपये का भवन खरीदा और पत्नी एंव अपने नाम से अनंतपुर में दो तथा लोही में प्लाट खरीदे जिसकी कीमत लगभग दो करोड़ है। साथ ही अपने पैतृक गांव अगरसंडा जिला बलिया यूपी में 14 एकड़ जमीन की खरीदी की है। अचल संपत्ति के साथ ही छितेश्वरनाथ के पास लग्जरी कार एवं लाखों रूपये का सोना होनी की बात कही है।

### कैसे होती चली गई वेतनवृद्धि?

सूत्रों का कहना है कि यहां सवाल यह उठता है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जो 450 सौ रूपये में नौकरी की शुरूआत की आज वह सेवा निवृत होते समय 45 हजार रूपये के वेतन का हकदार कैसे हो गया? हर शासकीय कर्मचारी को प्रतिवर्ष अपनी संपत्ति का ब्यौरा शासन को देना होता है। पीडब्लूडी के बाबू छितेश्वरनाथ भी शासन को अपनी संपत्ति की जानकारी देते रहे। सूत्र बताते हैं कि छितेश्वरनाथ प्रति वर्ष अपनी पैतृक संपति का ब्यौरा शासन को भेजते रहे। उनके द्वारा अर्जित की गई संपत्ति का कोई उल्लेख नहीं होता था सूत्र बताते है कि यहां तक की उन्होंने रीवा द्वारिका नगर स्थित अपने निवास तक की जानकारी शासन को नहीं भेजी जो करोड़ो रूपये में अर्जित की गई है। ऐसे में उनकी वेतनवृद्धि कैसे होती चली गई जो शोध का विषय है।

## स्वर्गीय भैया लाल शुक्ला स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

# आठवें सत्र में पांच विकेट से पत्रकारों ने जीत की हासिल



रीवा !

वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय भैया लाल शुक्ला स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें सत्र में आज अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में दो मैच खेले गये जहां पर पहला मैत्री मैच पत्रकार इलेवन बनाम शिक्षक इलेवन के बीच खेला गया जहां टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए शिक्षक इलेवन निर्धारित 10 ओवर में अमित सिंह के शानदार बल्लेबाज़ी के कारण 96 रन बना सकी लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार इलेवन 1 गेंद शेष रहते 4 विकेटों से मैच जीत गई।मैच में पत्रकार इलेवन के कप्तान सोनू तिवारी के द्वारा बेहतरीन गेदबाज़ी की गई और युवराज विवेक और राहुल के द्वारा बेहतरीन बल्लेबाज़ी कर अपनी टीम पत्रकार इलेवन को जीत दिला दी । मैन ऑफ़ द मैच अमित सिंह रहे।संजीव बेटा पाठक द्वारा अमित सिंह को 500 रुपए का नगद पुरुष्कार दिया गया, मैच में वरिष्ठ पत्रकार राजनारायण मिश्रा,, अजय सिंह अंचल शुक्ला उमेश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। दूसरा मैच थलाइवा 11 बनाम बाघवार 11 के बीच खेला गया जहां टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए थलाइवा इलेवन अरविंद (मैन ऑफ द मैच) के घातक गेंदबाज़ी 3 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट के कारण 68 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जहां लक्ष्य का पीछा करते हुए महेश यादव के 26 गेंदों में 34 रनों के कारण 9.1 ओवर में 9 विकेटों से विजयी हुई, आज के मैच के मुख्य अतिथि पूर्व महापौर शिवेंद्र सिंह, कल भी दो मैच खेले जाएँगे। राष्ट्रीय एकता मंच समिति के संयोजक एव आयोजक अखिलेश शुक्ला, सतीश सिंह पूर्व पार्षद वार्ड 9, संजीव सिंह रिंकु, अरुण मिश्रा, चंदूलाल खुशलानी चंदू, प्रशांत चतुर्वेदी, अतुल मिश्रा,अखिलेश सिंह गुड्डू, भोगराज पांडेय, संजीव पाठक बेटा, पंकज द्विवेदी, सुतीक्षण समदारिया कमांडो, रविशंकर चतुर्वेदी, कुलदीप पांडेय सहवाग़, सतीश पांडेय, आकाश मिश्रा, स्वादीप पांडेय पंडित, श्री कृष्ण मिश्रा, मीडिया प्रभारी संदीप कुमार तिवारी, रविशंकर चतुर्वेदी, आर्किटेक्ट रवि शुक्ला, कृष्णा मिश्रा, राहुल भारती, आशीष पांडेय, नीरज द्विवेदी, दर्शित शुक्ला, कमेटी एव राष्ट्रीय एकता मंच के सभी सहयोगी गण खेल प्रेमी उपस्थित रहे।




# सपूतों के नाम तीन दिवसीय आयोजन को लेकर तैयारी संपन्न

**रीवा।** श्रीनिवास तिवारी विद्या सदन हायर सेकंडरी स्कूल नगवा के सभागार में तीन दिवसीय आयोजन को लेकर तैयारी बैठक समिति के सह स्वागताध्यक्ष राघवेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक में बताया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में अमर शहीद रघुनाथ द्विवेदी कबड्डी प्रतियोगिता एवं श्रीनिवास तिवारी स्मृति प्रसंग का तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा,जिसकी रुपरेखा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई आयोजक सचिव शिवबालक पाण्डेय ने बताया कि यह आयोजन दो सपूतों की यादगार में फरवरी के महीने में आयोजित होता रहा है लेकिन इस बार हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षाएं फरवरी माह में होने के कारण तिथि में परिवर्तन किया गया है, आयोजन समिति द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया आयोजन का शुभारंभ

8 मार्च एवं 10 मार्च को समापन होगा बताया गया कि इस बार भी अन्तर राज्यीय पुरुष एवं महिला टीमें प्रतियोगिता में भाग लेंगी । बैठक के दौरान पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई,इस दौरान बालेन्द्र प्रसाद मिश्र,पूरनमल साहू, जियाउद्दीन उर्फ पप्पू खां बृजेन्द्र द्विवेदी कूलन,ललन मिश्रा धनेन्द्र पाण्डेय, भगवानदास द्विवेदी,संनत द्विवेदी, देवेन्द्र मिश्र,नीरज द्विवेदी, ब्लॉक समन्यवक नीरज दुबे ,हरगोपाल सिंह, ऋषिराज द्विवेदी, रामजी तिवारी, विश्वनाथ द्विवेदी रावेद्र द्विवेदी, हीरा यादव रामनरेश तिवारी, रामबदन हरिजन, बाबूलाल तिवारी, प्राचार्य औंकार द्विवेदी, डारेक्टर दिनेश द्विवेदी, विनोद पाल, राहुल श्रीवास्तव, नीरज पाण्डेय, जयवीर सिंह राजमणि विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं खेल प्रेमी तैयारी बैठक में शामिल हुए।

# रीवा की महिमा ने दिखाया हौसला

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर जाहिर की पढ़ने की इच्छा



### पढ़ाई के लिये एनजीओ से दिलाई गई मदद, बच्ची को दिलाया जाएगा सीपीसीटी में प्रवेश

रीवा

समाज में कई ऐसे बच्चे है जो पढ़ना तो चाहते है लेकिन उन्हें या तो मौका नहीं मिल पाता या फिर वह अपनी इच्छा को जाहिर नही कर पाते। लेकिन रीवा में आज एक बच्ची नें पढ़ाई के लिये ऐसा हौसला दिखाया कि उसकी तारीफ करने के साथ साथ आगे की पढ़ाई के लिये मदद का आश्वासन मिला है। महिमा सतनामी नाम की एक बच्ची नें कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से आंगे की पढ़ाई की इच्छा जाहिर करते हुये प्रशासन से मदद मांगी। बच्ची के इस हौसले को देखते हुये बच्ची को एनजीओ की मदद से उसकी पढ़ाई के साथ-साथ सुरक्षित रहने और खाने पीने की भी व्यवस्था कराई है।

महिमा सतनामी जिले के गोविंदगढ थाना क्षेत्र अमिलकी गांव की रहने वाली है। महिमा नें हाईस्कूल व हायर सेकड्री के साथ बीएससी व बीएड की पढ़ाई की है लेकिन उसकी इच्छा आगे और पढ़ाई करने की है और शिक्षक बनना उसका उद्देश्य है। महिमा सीपीसीटी में दाखिला चाहती थी लेकिन उसकी एवं उसके परिवार की माली हालत उसके आगे की पढ़ाई में बांधा बन रही थी, ऐसे में महिमा नें हौसला दिखाते हुये कलेक्टर कार्यालय पहुंची और कलेक्टर से आगे की पढ़ाई के लिये इच्छा जाहिर की जिसके बाद कलेक्टर नें एडीएम को बच्ची की मदद के लिये निर्देशित किया। बच्ची की वह इच्छा पूरी की गई जिसकी उसने कलेक्टर से जाहिर की थी। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे एवं एडीएम शैलेन्द्र सिंह नें अभ्युदय उपकार फाउंडेशन की मदद से महिमा के रहने खाने पीने के साथ साथ उसके आंगे की पढ़ाई की व्यवस्था कराते हुये सीपीसीटी में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया और उसे आने जाने के लिये साइकल भी उपलब्ध कराई गई। एडीएम शैलेन्द्र सिंह नें कहा कि महिमा नें जिस तरह से पढ़ाई के लिये हौसला दिखाया है वह काबिले तारीफ है और उसकी हर संभव मदद की जाएगी।

# जिले भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा से लाभान्वित हो रहे हैं पात्र हितग्राही

रीवा !

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले भर में आयोजित की जा रही है। जिले में 21 दिसम्बर को गंगेव विकासखण्ड के पहरखा में संकल्प यात्रा का शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग तीन सौ व्यक्ति शामिल हुए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। शिविर में 195 व्यक्तियों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया गया। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित क्विज का आयोजन किया गया। इसमें 33 हितग्राहियों ने अपनी भागीदारी निभाई। जिले में 21 दिसम्बर को ही जवा विकासखण्ड के हरदौली, गहिलवार, रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में इटौरा, सौनौरा, जोगिनहाई तथा महसुआ, विकासखण्ड रीवा में बरा एवं रूपौली, विकासखण्ड सिरमौर में कुम्हरा, जुड़वानी, देवगांव कला, जामू तथा पाली एवं त्योंथर विकासखण्ड में पटहट कला में संकल्प यात्रा के शिविर आयोजित किए गए। संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क




जांच एवं उपचार शिविर लगाकर हरदोली में 301, इटौरा में 120, जोगिनहाई में 126, बरा में 418, रूपौली में 414, कुम्हरा में 115, जामू में 216 तथा पटहट कला में 106 लोगों को लाभान्वित किया गया। इन शिविरों में अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके सक्सेना के नेतृत्व में विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा शिविर लगाकर हितग्राहियों के अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना तथा अन्य योजनाओं के के आवेदन पत्र भरवाए गए। हितग्राहियों के बैंक खातों में आधार सीडिंग भी की गई। संकल्प यात्रा में चल रहे प्रचार वाहन में ऑडियो-विजुअल माध्यम से सड़कों के विकास, स्वसहायता समूह गठन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रोचक जानकारी किसानों को दी गई। ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई। जिले में 21 दिसम्बर को नगर परिषद मनगवां तथा नगर परिषद बैकुण्ठपुर में संकल्प यात्रा के शिविर लगाए गए। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी गई।

# संकल्प यात्रा में दे रहे महत्पूर्ण योगदान जन सेवा मित्र

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी मेप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा समूचे देश में आयोजित की जा रही है। जिसमें जिला प्रशासन के अधीनस्थ आने वाले समस्त विभाग कार्यालय संलिप्त है। इन्ही में से एक अटल बिहारी वाजपेई सुशासन एवम नीति विश्लेषण केंद्र मध्यप्रदेश शासन के जन सेवा मित्रों के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा में अपना अहम योगदान दिया जा रहा है। मऊगंज जिले के अंतर्गत विकासखंड नईगढ़ी में पदस्थ समस्त 30 जन सेवा मित्रों को 4 लोगों की टीम में विभाजित किया गया है जो अलग अलग हर पंचायत में आयोजित होने वाली संकल्प यात्रा में अपनी सहभागिता दर्ज कर रहे है। नईगढ़ी जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा दिनांक 17 दिसंबर 2023 से ग्राम पंचायत तिवरिगवां मनबोध सिंह से प्रारंभ हुई जो 26 जनवरी 2024 को ग्राम पंचायत मनकहरी में जाकर समाप्त होगी। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत के चहुमुखी विकास एवं भारत की विकासशीलता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह यात्रा आयोजित की जा रही है। विकसित भारत का संकल्प बिना आम लोगों के विकास के संभव नहीं है जिसके मद्देनजर प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाली संकल्प यात्रा में समस्त योजनाओं का



लाभ लोगों को मिल सके जिसके लिए जनपद सीईओ से लेकर तहसीलदार कानूनगो पटवारी आदि सभी विभागों को उपस्थिति रहने को कहा गया है ताकि उसी जगह आम जनों की समस्त समस्याओं का हल किया जा सके। विकसित भारत का संकल्प जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उठाया है वह कहीं हद तक मुकम्मल होता नजर आ रहा है। इस यात्रा में उमड़ती भीड़ इस बात का सबूत है की समस्याएं आज भी समाप्त नहीं हुई है जिसका निदान किया जाना अति आवश्यक है। संकल्प यात्रा में आम जनों को पोस्टर कलेंडर बुकलेट वितरित कर भारत में हो रहे वैभव पूर्ण विकास को भी दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ जगह जगह पहुंचकर लोगों को भारतीयता का एहसास करा रहा है।इस यात्रा में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष नईगढ़ी ममता कुंजबिहारी तिवारी जनपद सीईओ नईगढ़ी कल्पना यादव स्वच्छता समन्वयक नईगढ़ी अर्चना शुक्ला जन सेवा मित्र टीम नईगढ़ी से रूबी सिंह प्रवीण गुप्ता अभिषेक वर्मा धर्मेंद्र शर्मा आदि अपना अहम योगदान दे रहे है।